# Daily Current Affairs

Date : 29 August, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल (MPT) के 16 वर्ष पूर्ण |
| 2. | राजस्थान मण्डपम और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर |
| 3. | एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु हवाई पट्टियों की भूमि लीज आवंटन नीति |
| 4. | इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट 2025 |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' : बाड़मेर पुलिस<br>2. 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' : प्रतापगढ़ पुलिस<br>3. प्रदेश का सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन, डिज़ाइन और डेकोर शो : जयपुर<br>4. राजीविका एवं वी. शक्ति ट्रस्ट दिल्ली के मध्य MoU<br>5. अनुया प्रसाद : डेफलिम्पिक्स 2025 के लिए क्वालिफाई<br>6. 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के 4 और पदक<br>7. राजस्थान ग्रामीण बैंक : एपीवाई एनुअल अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस |
| 6. | रण संवाद 2025: |
| 7. | क्लाउडबर्स्ट (बादल फटना) |
| 8. | ब्राइट स्टार अभ्यास 2025 - सैन्य अभ्यास |
| 9. | ब्लैक होल-तारा अंत:क्रिया से उत्पन्न नए प्रकार के सुपरनोवा |
| 10. | ब्रेन इटिंग अमीबा |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 11. | लूनर मॉड्यूल लॉन्च व्हीकल (LMLV) |
| 12. | हिमाचल प्रदेश में बायोचार कार्यक्रम की शुरुआत |
| 13. | सुंदरबन टाइगर रिजर्व : भारत का दूसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व |
| 14. | राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस : 30 अगस्त |
| 15. | भारत में व्यक्तिगत आयकर एवं कॉर्पोरेट कर संग्रह |
| 16. | NARI 2025 महिला सुरक्षा पर रिपोर्ट |
| 17. | वैश्विक इक्वेटर पुरस्कार, 2025 |

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल (MPT) के 16 वर्ष पूर्ण

### चर्चा में क्यों?

- बाड़मेर के नागाणा स्थित केयर्न एनर्जी के क्रूड ऑयल उत्पादक क्षेत्र 'मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल (MPT)' से उत्पादन शुरू होने के 16 वर्ष पूर्ण हो गए हैं।




### मुख्य बिन्दु :

- इस तेल क्षेत्र की खोज वर्ष 2004 में हुई थी और 29 अगस्त, 2009 को यहां से क्रूड ऑयल का उत्पादन शुरू किया गया।
- MPT भारत का सबसे बड़ा ऑनशोर तेल उत्पादन क्षेत्र है, जिससे लगभग 66,000 से 67,000 बैरल तेल प्रति दिन (bopd) उत्पादित किया जाता है।
- मंगला, भाग्यम और ऐश्वर्या (MBA) संयुक्त रूप से राजस्थान के इस समृद्ध क्षेत्र में तीन सबसे बड़े उत्पादक क्षेत्र है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- बाड़मेर से कच्चे तेल का उत्पादन वर्तमान में 15 क्षेत्रों; जैसे - मंगला, भाग्यम, ऐश्वर्या, सरस्वती, रागेश्वरी, कामेश्वरी और अन्य से किया जाता है।
- इस क्षेत्र में तेल और गैस का उत्पादन केयर्न ऑयल एंड गैस (वेदांता की एक सहायक कंपनी) द्वारा किया जाता है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (HRRL)**


- HPCL राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (HRRL) को 18 सितंबर, 2013 को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) और राजस्थान सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में क्रमशः 74 प्रतिशत और 26 प्रतिशत की इक्विटी भागीदारी के साथ शुरू किया गया।
- **परियोजना को स्वीकृति :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा 09 अक्टूबर, 2017 को।
- यह BS-6 मानक वाली देश की प्रथम ऐसी परियोजना है, जिसमें रिफायनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का सम्मिश्रण है।
- इस रिफाइनरी की क्षमता 9 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (MMTPA) है, जिसमें 2.4 MMTPA पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं।
- राजस्थान रिफाइनरी परियोजना में आयातित कच्चे तेल (7.5 MMTPA) के साथ-साथ राजस्थान में उत्पादित क्रूड ऑयल (1.5 MMTPA) को भी संसाधित (Processed) किया जा सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान मण्डपम और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा जयपुर में 95 एकड़ भूमि पर राजस्थान मण्डपम और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर/आईटी टावर का निर्माण NBCC (इंडिया) लिमिटेड के माध्यम से कराये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।



## मुख्य बिन्दु :

- नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NBCC इंडिया) भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम और एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE) है, जो परियोजना प्रबंधन परामर्श (PMC), इंजीनियरिंग खरीद और निर्माण (EPC) तथा रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्य करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम की तर्ज पर राजधानी जयपुर में 'राजस्थान मंडपम' के निर्माण की घोषणा वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट में की गई थी।
- **परियोजना की कुल अनुमानित लागत :** लगभग ₹3700 करोड़।
- राजस्थान मण्डपम लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर के रूप में ₹2200 करोड़ की लागत से विकसित किया जायेगा, जिसकी क्षमता 7000 से 7500 व्यक्तियों की होगी।
- 95 एकड़ भूमि में से 15 हजार वर्गमीटर भूमि पर यूनिटी मॉल का निर्माण भी कार्यकारी एजेन्सी रीको के माध्यम से करवाया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु हवाई पट्टियों की भूमि लीज आवंटन नीति

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों को बढ़ावा देने, वर्तमान में कम उपयोग में आ रही हवाई पट्टियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने और एडवेंचर ट्यूरिज्म को प्रोत्साहन देने के लिए 'एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों हेतु हवाई पट्टियों की भूमि लीज आवंटन नीति' को स्वीकृति प्रदान की गई।



## मुख्य बिन्दु :

- नीति के तहत भूमि का लीज शुल्क 100 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष तथा कंसेशन शुल्क 6 लाख रुपये प्रति एयरस्ट्रिप प्रति वर्ष होगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- नीति के प्रावधानों के अनुसार पहले 5 वर्षों तक दरों में 5 प्रतिशत एवं 6वें से 20वें वर्ष तक 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की जाएगी।
- **लीज अवधि और क्षेत्र :** अधिकतम 20 वर्ष तथा अधिकतम 2000 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा सकेगी।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- राजस्थान राज्य के बजट 2025-26 में कोटा हवाईअड्डे के निकट एयरो सिटी, माउंट आबू (सिरोही) में एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियों की शुरुआत और प्रतापगढ़, झालावाड़ एवं झुंझुनूं में उड़ान प्रशिक्षण संगठन (FTO) की स्थापना किए जाने की घोषणा की गई।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट 2025

## चर्चा में क्यों?

- 28-29 अगस्त, 2025 को राजधानी जयपुर स्थित मैरियट होटल में 'इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट 2025' का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु :

- **सम्मेलन के मुख्य अतिथि :** राजस्थान के मुख्यमंत्री।
- सम्मेलन में IIT हैदराबाद और IIT धनबाद द्वारा आपसी समन्वय से राजस्थान में डम्प्स में एसोसिएटेड मिनरल्स के डिपोजिट्स का अध्ययन करने के लिए समझौते की घोषणा की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- ज्ञातव्य है कि राज्य में मिनरल एक्सप्लोरेशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (AIML) तकनीक का उपयोग करते हुए जीरो लॉस-जीरो डिफेक्ट एक्सप्लोरेशन पर पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य आरंभ कर दिया गया है।
- उपमुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने 'राजस्थान ऑल टाइम टूरिस्ट डेस्टिनेशन' संबंधी कीनोट जारी किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' : बाड़मेर पुलिस**<br>♦ बाड़मेर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध संचालित 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया गया।<br>♦ बाड़मेर पुलिस द्वारा पहली बार एक साथ तीन कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों की अवैध रूप से अर्जित की गई ₹2.5 करोड़ की संपत्ति को NDPS एक्ट की धारा 68F(2) के तहत फ्रीज किया गया। |
| 2. | **'ऑपरेशन चक्रव्यूह' : प्रतापगढ़ पुलिस**<br>♦ प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त करने का अभियान संचालित किया जा रहा है। |
| 3. | **प्रदेश का सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन, डिज़ाइन और डेकोर शो : जयपुर**<br>♦ जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में 29 अगस्त, 2025 से चार दिवसीय 'डिजाइन इंडिया इंटीरियर एक्सपो 2025' का छठा संस्करण शुरू हुआ।<br>♦ यह राजस्थान का सबसे बड़ा कंस्ट्रक्शन, डिजाइन और डेकोर शो है। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **राजीविका एवं वी. शक्ति ट्रस्ट दिल्ली के मध्य MoU**<br>♦ हाल ही में, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) एवं वी. शक्ति ट्रस्ट दिल्ली के मध्य एक "गैर वित्तीय" समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।<br>♦ इस समझौते का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों, शिल्पकारों और लघु व्यवसायियों को उनके उत्पादों और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। |
| 5. | **अनुया प्रसाद : डेफलिम्पिक्स 2025 के लिए क्वालिफाई**<br>♦ 23वीं राजस्थान राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में गॉडस्पीड शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों में शामिल अनुया प्रसाद ने 25 मीटर स्टैण्डर्ड व स्पोर्ट्स पिस्टल में 1 स्वर्ण, 2 कांस्य और 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता।<br>♦ अनुया प्रसाद ने 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों में XXV समर डेफलिम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए क्वालिफाई किया। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **6.** | **16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान के 4 और पदक**<br>♦ राजस्थान के 5 निशानेबाजों ने सिमकेंट, कजाखस्तान में चल रही 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में 4 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीते।<br>♦ **उद्धव सिंह राठौड़ :** जूनियर ट्रैप टीम इवेंट में गोल्ड मेडल।<br>♦ **योगेश कुमार :** 50 मीटर फ्री पिस्टल सीनियर कैटेगरी में सिल्वर मेडल।<br>♦ **अभिनव चौधरी और उमेश चौधरी :** जूनियर टीम का गोल्ड मेडल जीता।<br>♦ कुशाग्र राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। |
| **7.** | **राजस्थान ग्रामीण बैंक : एपीवाई एनुअल अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस**<br>♦ हाल ही में, पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण की ओर से राजस्थान ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकेश भारतीय को एपीवाई एनुअल अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस अचीवर्स से सम्मानित किया गया।<br>♦ यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष एस. रमन्न द्वारा प्रदान किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## रण संवाद 2025:

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **रण संवाद का आयोजन 26-27 अगस्त 2025 को महू में किया गया।**




➲ **मुख्य बिन्दु :**

**उद्देश्य और महत्व:**

- **मुख्य उद्देश्य: त्रिसैनिक युद्ध पद्धति में नवाचार और तकनीक के प्रभाव पर चर्चा करना।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विशेष अतिथि:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल डेंटल, नेवी प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाल और वायुसेना प्रमुख मार्शल अमरप्रीत सिंह सहित अन्य सैन्य अधिकारी।

### कार्यक्रम की विशेषताएँ:

- **विषय:** युद्ध पद्धति में नवाचार, युद्ध-लड़ाई में तकनीक का प्रभाव और भविष्य के लिए सशस्त्र बलों को तैयार करने के विषय पर चर्चा।
- **भागीदारी:** प्रतिष्ठित कमांडर, रक्षा उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि।

### भविष्य की दिशा:

- **सशस्त्र बलों के लिए तैयारियाँ:** आत्मनिर्भर भारत के लिए भविष्य के युद्धों में तकनीकी नवप्रवर्तन और रणनीतियों पर विचार।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# क्लाउडबर्स्ट (बादल फटना)

## ➲ चर्चा में क्यों?

- उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में बादल फटने से अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ, जिससे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घर बह गए।




## ➲ मुख्य बिन्दु :

### बादल फटना क्या है?

- **परिभाषा:** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, यह एक ऐसी घटना है, जिसमें 20-30 वर्ग किमी के क्षेत्र में 100 मिमी/घंटा से अधिक वर्षा होती है।
- **नए अध्ययन के अनुसार:** IIT जम्मू और NIH के अध्ययन ने इसे 1 वर्ग किमी में 100-250 मिमी/घंटा के रूप में पुनर्परिभाषित किया है।
- **संबंधित बादल:** ये घटनाएँ प्रायः पर्वतीय क्षेत्रों में क्यूम्यलोनिम्बस बादलों से जुड़ी होती हैं, जो पर्वतीय लिफ्ट और संवहन धाराओं से उत्पन्न होती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




### पहाड़ी क्षेत्र अधिक संवेदनशील क्यों हैं?

- **स्थलाकृति:** खड़ी ढलानें जल अपवाह और मलबे के प्रवाह को तेज करती हैं।
- **पर्वतीय उत्थान:** मानसूनी हवा पर्वतों के ऊपर तेजी से उठती है, जिससे वर्षा तीव्र हो जाती है।
- **चट्टानी भूभाग:** जल अवशोषण की कमी के कारण जल सतह पर तेजी से जमा होता है।
- **ऊँचाई:** 1,000-2,000 मीटर की ऊँचाई पर घाटी और नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के कारण उच्च संवेदनशीलता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### तंत्र और जलवायु संबंध:

- **तीव्र संघनन:** तेज़ अपड्राफ्ट हवा में भारी नमी को ऊपर उठाती है, जो बादल फटने से पहले संघनित होकर अत्यधिक वर्षा का कारण बनती है।
- **जलवायु परिवर्तन का प्रभाव:** ग्लोबल वार्मिंग से वायुमंडल में 7% अधिक जलवाष्प जमा हो सकता है, जिससे बादल फटने की घटनाएँ बढ़ सकती हैं।
- **हिमालय में कार्बन का भार:** जंगलों की आग, वाहनों से उत्सर्जन और फसल जलने से काले कार्बन और एरोसोल बढ़ते हैं, जो बादलों के घनत्व को बढ़ाकर बादल फटने जैसी स्थितियाँ उत्पन्न करते हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## ब्राइट स्टार अभ्यास 2025 - सैन्य अभ्यास

### ➲ चर्चा में क्यों?

- ब्राइट स्टार, 28 अगस्त से 10 सितंबर, 2025 तक मिस्र द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा, एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास है।



### ➲ मुख्य बिन्दु :

- **मेजबान:** मिस्र (संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ साझेदारी में)
- **स्थल:** काहिरा पश्चिम एयर बेस, मिस्र

**इतिहास:**

- **शुरुआत:** 1980 में कैंप डेविड समझौते के बाद द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुआ।
- **भागीदार देश:** 43 देश (13 देशों ने सैन्य टुकड़ियाँ तैनात की, 30 देशों ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारतीय भागीदारी:

- **सैनिकों की संख्या: 700 से अधिक भारतीय सैनिक (थलसेना, नौसेना, वायुसेना)**
- **दूसरी भागीदारी: यह भारत की दूसरी भागीदारी है, जो देश की बढ़ती वैश्विक रक्षा स्थिति को रेखांकित करता है।**

### सामरिक महत्व:

- **भारत के लिए: त्रि-सेवा तालमेल को मजबूत करना, "सागर" दृष्टिकोण को समर्थन देना।**
- **वैश्विक साझेदारों के लिए: क्षेत्रीय स्थिरता और सामूहिक सुरक्षा बढ़ाने का अवसर।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### ब्लैक होल-तारा अंतःक्रिया से उत्पन्न नए प्रकार के सुपरनोवा

**चर्चा में क्यों?**

- **नया प्रकार का सुपरनोवा जहाँ विस्फोट एक सामान्य सुपरनोवा के विपरीत ब्लैक होल द्वारा प्रेरित था, जो एक नई प्रकार की घटना को दर्शाता है।**



**मुख्य बिन्दु :**

- **गुरुत्वाकर्षण प्रभाव: ब्लैक होल द्वारा तारे को विकृत करना और उसका पदार्थ खींचना, एक नया अध्ययन क्षेत्र प्रस्तुत करता है।**

**हाल की घटना:**

- **द्वितारा प्रणाली: खगोलविदों ने 700 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर एक द्वितारा प्रणाली देखी, जिसमें एक तारा ब्लैक होल में बदल गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **ब्लैक होल द्वारा उत्प्रेरित विस्फोट:** ब्लैक होल ने साथी तारे के पदार्थ को खींच लिया, जिससे वह एक सुपरनोवा में विस्फोटित हो गया।
- **विस्फोट-पूर्व संकेत:** विस्फोट से पहले ब्लैक होल द्वारा तारे की हाइड्रोजन परत हटाने से चमकदार उत्सर्जन देखा गया।

### सुपरनोवा क्या है?

- **परिभाषा:** सुपरनोवा तारे का अंतिम विस्फोट है, जो जब नाभिकीय संलयन रूकता है, तब तारे का केंद्र गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में ढह जाता है और उसकी बाहरी परतें अंतरिक्ष में फैल जाती हैं।
- **प्रकार:**
  - **कोर-पतन सुपरनोवा:** विशाल तारों में पाया जाता है।
  - **थर्मोन्यूक्लियर सुपरनोवा:** द्विआधारी प्रणालियों में सफेद बौने में विस्फोट।

### ब्लैक होल क्या है?

- **परिभाषा:** ब्लैक होल एक सघन वस्तु है, जिसका गुरुत्वाकर्षण इतना प्रबल होता है कि कोई भी वस्तु, यहाँ तक कि प्रकाश भी, इसे पार नहीं कर सकता।
- **विशेषताएँ:**
  - ब्लैक होल के केंद्र में गुरुत्वाकर्षण विलक्षणता होती है।
  - घटना क्षितिज वह सीमा है, जहाँ से बाहर कुछ भी नहीं आ सकता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ब्रैन इटिंग अमीबा

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केरल में दुर्लभ मस्तिष्क संक्रमण अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के 18 सक्रिय मामले सामने आए हैं।



## मुख्य बिन्दु :

### अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस :

- **मस्तिष्क संक्रमण का कारण :** नेग्लेरिया फाउलेरी (ब्रैन इटिंग अमीबा), यह झीलों, नदियों और गर्म झरनों जैसे गर्म और उथले मीठे पानी के स्रोतों में पाया जाता हैं।
- **प्रभावित तंत्र :** केंद्रीय तंत्रिका तंत्र।
- **लक्षण :** तेज़ बुखार, दर्दनाक सिरदर्द, समुद्री बीमारी, उल्टी तथा मेनिन्जाइटिस जैसे लक्षण, जिनमें गर्दन में अकड़न और प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता (फोटोफोबिया) शामिल है।
- **संक्रमण :** अमीबिक मेनिंगोएन्सेफेलाइटिस नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है।
- **संक्रमण के कारण मृत्यु दर :** 97% से अधिक।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## लूनर मॉड्यूल लॉन्च व्हीकल (LMLV)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने वर्ष 2035 तक अब तक के सबसे भारी रॉकेट - लूनर मॉड्यूल लॉन्च व्हीकल (LMLV) के विकास की घोषणा की है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **LMLV इसरो का अगली पीढ़ी का भारी भार वहन करने वाला प्रक्षेपण यान होगा।**
- **उपयोगी : यह भारत द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली रॉकेट होगा, जिसे विशेष रूप से चंद्र और अंतरग्रहीय मिशनों के लिए डिज़ाइन किया गया है।**

**उद्देश्य :**

- **वर्ष 2040 तक मानवयुक्त चंद्र मिशनों को सक्षम बनाना।**
- **चंद्रमा पर बड़े पेलोड ले जाना और गहन अंतरिक्ष अन्वेषण में सहायता करना।**

**पेलोड :**


- **चंद्रमा पर पेलोड : लगभग 27 टन।**
- **निम्न पृथ्वी कक्षा (LEO) पर पेलोड : लगभग 80 टन ।**

**प्रणोदन :**

- **3 चरण ; इसके पहले दो चरणों के लिए द्रव प्रणोदक और तीसरे चरण के लिए क्रायोजेनिक प्रणोदक।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**ISRO के प्रक्षेपण यानों का विकास:**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अंतरिक्ष विजन 2047 :** इसके तहत् वर्ष 2035 तक भारत, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और वर्ष 2040 तक भारतीयों का स्वदेशी तकनीक के साथ चंद्रमा पर उतरना शामिल है। इसके लिए कुछ तकनीकों को हासिल करना आवश्यक होगा, जैसे कि हैवी-लिफ्ट-ऑफ लॉन्च वाहन, मानव-रेटेड वाहन, डॉकिंग तकनीक, उच्च क्षमता वाले लैंडर, री-एंट्री तकनीक आदि।
- 18 सितंबर, 2024 को भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वीनस ऑर्बिटर मिशन (VOM) और चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी प्रदान की है।
- **शुक्रयान मिशन (वीनस आर्बिटर मिशन) :** इस मिशन के तहत भारत एक अंतरिक्ष यान को शुक्र ग्रह की कक्षा में स्थापित करेगा, जो वहां के वातावरण, सतह और भूगर्भीय गतिविधियों का अध्ययन करेगा।
- **चंद्रयान-4 :** चंद्रयान-4 को 'सैंपल रिटर्न मिशन' के रूप में संचालित किया जाएगा, जिससे चंद्रमा से मिट्टी और चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लाया जाएगा।
- **चंद्रयान-5 :** जापान की अंतरिक्ष एजेंसी (JAXA) के सहयोग से लॉन्च किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### हिमाचल प्रदेश में बायोचार कार्यक्रम की शुरुआत

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हिमाचल प्रदेश में पहली राज्य-समर्थित बायोचार परियोजना शुरू की जाएगी।**



SERVICES

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **समझौता ज्ञापन:** त्रिपक्षीय एमओए पर हस्ताक्षर - डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश वन विभाग और प्रोक्लाइम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच।
- **स्थान:** हमीरपुर ज़िले के नेरी में बायोचार संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

**उद्देश्य:**

- **जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण:** बायोचार निर्माण से जंगल की आग कम करना और पर्यावरण की रक्षा करना।

- **स्थायी प्रथाएँ और जागरूकता:** स्थानीय समुदायों को शामिल कर पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना।

**बायोचार बनाने की प्रक्रिया:**

- **पारिस्थितिकी की सामग्री:** चीड़ की सुइयाँ, लैंटाना, बांस और अन्य वृक्ष-आधारित बायोमास का उपयोग।
- **पायरोलिसिस तकनीक:** इन सामग्रियों का उपयोग करके बायोचार बनाना।

**लक्ष्य और प्रभाव:**

- **कार्बन क्रेडिट:** 10 वर्षों में 28,800 कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करने का लक्ष्य।
- **सकारात्मक प्रभाव:** लैंटाना जैसी आक्रामक प्रजातियों का उन्मूलन, कार्बन अवशोषण और मृदा स्वास्थ्य में सुधार।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सुंदरबन टाइगर रिजर्व : भारत का दूसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व

## ➲ चर्चा में क्यों?

- आंध्रप्रदेश के नागार्जुनसागर-श्रीशैलम् टाइगर रिजर्व के बाद पश्चिम बंगाल स्थित सुंदरबन टाइगर रिजर्व भारत का दूसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बन गया है।




## ➲ मुख्य बिन्दु :

- **राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड द्वारा विस्तार को मंजूरी :** 1,044.68 वर्ग किलोमीटर (दक्षिण 24 परगना ज़िले के तीन रेंज - मतला, रैदिघी और रामगंगा को जोड़ा गया)।
- **टाइगर रिजर्व का नवीन क्षेत्रफल :** 3,629.57 वर्ग किलोमीटर।
- नवीनतम बाघ गणना के अनुसार, सुंदरबन टाइगर रिजर्व में अनुमानतः 101 बाघ हैं।


### सुंदरबन टाइगर रिजर्व :

- **अवस्थिति :** पश्चिम बंगाल के दक्षिण और उत्तर में 24-परगना के तटीय जिले, निचले गंगा डेल्टा के सबसे दक्षिणी भाग में, बंगाल की खाड़ी से संबद्ध (सुंदरबन डेल्टा का भाग)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **स्थिति :** बाघ अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान, जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र (UNESCO विश्व धरोहर स्थल, रामसर स्थल)।

**सीमाएँ :**




- **विशेषताएँ :** विश्व का एकमात्र मैंग्रोव वन (बांग्लादेश के साथ), जो बाघों की एक महत्त्वपूर्ण आबादी को आश्रय प्रदान करता है।
- **प्रमुख वनस्पति :** मैंग्रोव वनस्पति, एपीफाइट्स, लवणीय पादप, परजीवी पौधे, जड़ी-बूटियाँ, झाड़ियाँ, खरपतवार इत्यादि।
- **प्रमुख जीव :** रॉयल बंगाल टाइगर, गंगा डॉल्फिन, फिशिंग कैट, एस्टुरीन क्रोकोडाइल, इरावदी डॉल्फिन, किंग कोबरा, वाटर मॉनिटर लिजार्ड, प्रवासी पक्षी इत्यादि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस : 30 अगस्त




- **शुरुआत :** वर्ष 2000 में।
- **पहली बार आयोजन :** 30 अगस्त, 2001 में।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**अंतर्राष्ट्रीय MSME दिवस :**

- **पृष्ठभूमि :** संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2017 में 27 जून को अंतर्राष्ट्रीय MSME दिवस के रूप में घोषित किया।
- **वर्ष 2025 की थीम :** "सतत् विकास और नवाचार के चालक के रूप में एमएसएमई की भूमिका को बढ़ाना" पर केंद्रित है।
- **भारतीय अर्थव्यवस्था में MSME का योगदान :** कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र हैं।

| | |
|---|---|
| भारत के सकल घरेलू उत्पाद | 30 प्रतिशत |
| निर्यात | 45 प्रतिशत से अधिक |
| रोजगार का सृजन | 50 प्रतिशत से अधिक |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## भारत में व्यक्तिगत आयकर एवं कॉर्पोरेट कर संग्रह

**चर्चा में क्यों?**

- **वित्तीय वर्ष 2023-24 में पहली बार व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) संग्रह ने कॉर्पोरेट कर (सीआईटी) संग्रह को पीछे छोड़ दिया।**




**मुख्य बिन्दु :**

- **पीआईटी की हिस्सेदारी: 53.4% (2023-24)**
- **सीआईटी की हिस्सेदारी: 46.6% (2023-24)**

**पिछले दशक का परिवर्तन:**

- **2013-14 में, सीआईटी का हिस्सा 61.9% था, जबकि पीआईटी का हिस्सा 38.1% था।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**कारण:**

- **अनुपालन में वृद्धि:** डिजिटलीकरण और प्रवर्तन उपायों के कारण कर अनुपालन में सुधार हुआ।
- **बढ़ता करदाता आधार:** व्यक्तिगत आयकर रिटर्न की संख्या 30.5 मिलियन (2013-14) से बढ़कर 70 मिलियन (2022-23) हुई।
- **घोषित वेतन में वृद्धि:** उच्च आय और वेतन में वृद्धि ने व्यक्तिगत आयकर में वृद्धि को बढ़ावा दिया।
- **कॉर्पोरेट कर दरों में कटौती:** 2019 में कॉर्पोरेट कर दरों में कटौती के कारण सीआईटी हिस्सेदारी में गिरावट आई।

**अर्थव्यवस्था पर प्रभाव:**

- **राजकोषीय स्थिरता**
- **व्यापक कर आधार**
- **राजकोषीय नीति संबंधी चिंताएँ:** व्यक्तिगत करों पर अधिक निर्भरता ने आय असमानता के मुद्दे को उत्पन्न किया, हालांकि समग्र कर-जीडीपी अनुपात में सुधार हुआ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## NARI 2025 महिला सुरक्षा पर रिपोर्ट

### ➲ चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) द्वारा अगस्त 2025 में जारी की गई यह रिपोर्ट 31 शहरों में 12,770 महिलाओं पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर तैयार की गई है।




### ➲ मुख्य बिन्दु :

- **मुख्य उद्देश्य:** महिलाओं की सुरक्षा की धारणा और उत्पीड़न से संबंधित जानकारी एकत्रित करना।

**रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष**

**समग्र सुरक्षा धारणा**

- **राष्ट्रीय सुरक्षा स्कोर:** 65%
- **सुरक्षा की धारणा:**
  - 60% महिलाएँ अपने शहरों में "सुरक्षित" महसूस करती हैं।
  - 40% महिलाएँ "इतना सुरक्षित नहीं" या "असुरक्षित" महसूस करती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **रात्रि और सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा:** इन स्थानों पर सुरक्षा की धारणा में कमी।

### कार्यस्थल सुरक्षा

- 91% महिलाएँ दिन के समय कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस करती हैं।
- 53% महिलाओं को POSH (यौन उत्पीड़न निवारण) नीति के बारे में जानकारी नहीं थी, हालांकि यह कानूनी रूप से अनिवार्य है।

### उत्पीड़न और रिपोर्टिंग

- **उत्पीड़न की व्यापकता:**
  - 7% महिलाओं ने सार्वजनिक स्थानों पर उत्पीड़न का अनुभव किया
  - युवा महिलाओं (18-24 वर्ष) में यह आँकड़ा 14% था।
- **उत्पीड़न के प्रकार:**
  - सबसे आम रूप: मौखिक उत्पीड़न (58%), जिसमें छेड़खानी और अश्लील टिप्पणियां शामिल थीं।
- **उत्पीड़न के स्थान:**
  - सबसे सामान्य स्थान: पड़ोस (38%) और सार्वजनिक परिवहन (29%)
- **रिपोर्टिंग की दर:** केवल 1/3 पीड़िताएँ ही उत्पीड़न की रिपोर्ट करती हैं, बाकी कलंक या और उत्पीड़न के डर से रिपोर्ट नहीं करतीं।

### शहर की रैंकिंग

- **सबसे सुरक्षित शहर:** कोहिमा, जहाँ 80% से अधिक महिलाएँ सुरक्षित महसूस करती हैं।
- **अन्य सुरक्षित शहर:** मुंबई, विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर।
- **सबसे कम सुरक्षित शहर:** पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर, रांची।
  - रांची और दिल्ली में 44% और 42% महिलाएँ असुरक्षित महसूस करती हैं ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## वैश्विक इक्वेटर पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा इक्वेटर पुरस्कार 2025 के विजेताओं की सूची की घोषणा की गई।



### मुख्य बिन्दु :

- **2025 का विषय :** "जलवायु कार्रवाई की प्रकृति"।
- **आयोजक :** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)।
- **उद्देश्य :** विश्व मूल निवासियों और स्थानीय समुदायों को जैव विविधता संरक्षण, सतत आजीविका और जलवायु परिवर्तन के लिए प्रकृति-आधारित समाधानों में उनके उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता देना।
- **पुरस्कार राशि :** प्रत्येक विजेता को 10,000 अमेरिकी डॉलर प्रदान की जाती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **2025 के विजेता : भारत के अलावा, यूएनडीपी इक्वेटर पुरस्कार 2025 की पूरी सूची में अर्जेंटीना, ब्राजील, इक्वाडोर, इंडोनेशिया, केन्या, पापुआ न्यू गिनी, पेरू और तंजानिया के विजेता शामिल हैं (10 वैश्विक प्राप्तकर्ता)।**
- **भारत : कर्नाटक के तीर्था गांव के बीबी फातिमा महिला स्वयं सहायता समूह को सम्मानित किया गया।**

**बीबी फ़ातिमा महिला स्वयं सहायता समूह :**

- **गठन : वर्ष 2018 में कर्नाटक के धारवाड़ ज़िले की 15 ग्रामीण महिलाओं ने किया था।**
- **उपलब्धियां:**
  - **पर्यावरण अनुकूल तरीकों का उपयोग करके वर्षा आधारित खेतों पर बाजरा आधारित मिश्रित फसल**
  - **सामुदायिक बीज बैंकों का प्रबंधन जो किसानों को नि:शुल्क बीज उपलब्ध कराते हैं।**
  - **एक सौर ऊर्जा चालित बाजरा प्रसंस्करण इकाई जो रोटियां, सेंवई और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद बनाती है।**
  - **महिलाओं की आय और सशक्तिकरण में सुधार करते हुए जलवायु-अनुकूल कृषि को मजबूत करना।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**वैश्विक इक्वेटर पुरस्कार, 2025 से सम्मानित कुछ परियोजनाएँ :**

| देश | परियोजना |
|---|---|
| अर्जेंटीना और पेरू | स्वदेशी शिल्प सहकारी समितियाँ |
| ब्राज़ील और पापुआ न्यू गिनी | वर्षावन संरक्षण |
| इंडोनेशिया और तंजानिया | समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली |
| इक्वाडोर और केन्या | कृषि जैव विविधता क्षेत्र |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR